भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 195
उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 24 जून, 2019
03 आषाढ़, 1941 (शक)

स्मारक और पुरावशेषों संबंधी राष्ट्रीय मिशन

195. श्री जी.एम. सिद्देश्वरा::

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा स्मारक और पुरावशेषों संबंधी राष्ट्रीय मिशन को कार्यशील बनाया गया है, जिसका उद्देश्य धरोहर स्थलों के संरक्षण के माध्यम से लोगों में सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देना है और इस मिशन के अंतर्गत गैर-सरकारी संगठनों, विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों तथा संग्रहालयों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या कर्नाटक में स्मारक और पुरावशेषों संबंधी राष्ट्रीय मिशन के अंतर्गत धरोहर स्थलों के संरक्षण के माध्यम से लोगों में सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देने वाली गतिविधियां चलाई जा रही हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(प्रहलाद सिंह पटेल)

(क): जी, हां।

(ख): राष्ट्रीय संस्मारक और पुरावशेष मिशन की स्थापना वर्ष 2006-07 में हुई थी। इसका उद्देश्य असंरक्षित स्मारकों, स्थलों और पुरावशेषों को प्रलेखित करना है। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय संस्मारक और पुरावशेष मिशन निर्मित विरासत, स्थल और पुरावशेषों के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहलुओं को परिरक्षित करने के लाभ के संबंध में लोगों को जागरूक और सुग्राह्य करने; संबंधित राज्य विभागों, गैर सरकारी संगठनों, विश्वविद्यालयों, संग्रहालयों को प्रशिक्षण सुविधा प्रदान करने और राष्ट्र की पुरातत्वीय धरोहर के महत्व के प्रति सामान्य लोगों को जागरूक करने का कार्य करता है।

(ग): जी, नहीं। राष्ट्रीय संस्मारक और पुरावशेष मिशन के अधिदेश के अनुसार कर्नाटक क्षेत्र में विरासत स्थल की सुरक्षा संबंधी कोई कार्यकलाप नहीं चल रहा है।